नोट्स

whatsapp

8696608541

अपडेटेड नोट्स

OM PRAKASH SAINI

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

Chapter - 2. गाउस का नियम व इसके अनुप्रयोग

* क्षेत्रफल सदिश -

वे सदिश जो परिमाण में दिए गए पृष्ठ के क्षेत्रफल के बराबर तथा दिशा में इसके लम्बवत हो उसे क्षेत्रफल सदिश कहा जाता है।

* विद्युत फ्लक्स -

1. भौतिकी के अनुसार -

इसके अनुसार वि. क्षेत्र मे स्थित किसी बंद काल्पनिक पृष्ठ से लम्बवत् गुजरने वाली कुल वि. क्षेत्र रेखाओं की संख्या को ही विद्युत फ्लक्स कहा जाता है।

2. गणित के अनुसार -

इसके अनुसार वि. क्षेत्र तथा क्षेत्रफल सदिश के अदिश गुणनफल को ही विद्युत फ्लक्स कहा जाता है।



$\phi = \vec{E} \cdot \vec{ds}$

or $\phi = E ds \cos\theta$

* वि. फ्लक्स की विमा व मात्रक -

विमा - $M^1 L^3 T^{-3} A^{-1}$

$\frac{N \times m^2}{C}$ or volt × metre

$$\text{फ्लक्स घनत्व} = \frac{\text{फ्लक्स}}{\text{क्षेत्रफल}}$$

Date
Page

Note:- 1. विद्युत फ्लक्स एक अदिश राशि होती है।
2. यदि पृष्ठ असतत् हो तो वि॰ फ्लक्स का मान -

$$\phi_E = \sum_{i=1}^{n} E_i ds_i \cos\theta$$

3. यदि पृष्ठ सतत् हो तो वि॰ फ्लक्स का मान -

$$\phi_E = \int \vec{E}\cdot ds$$

4. यदि पृष्ठ बंद हो तो वि॰ फ्लक्स का मान -

$$\phi_E = \oint_S \vec{E}\cdot ds$$

5. यदि वि॰ फ्लक्स निर्गत है तो इसे धनात्मक लिया जाता है लेकिन यदि वि॰ फ्लक्स आगत है। तो इसे ऋणात्मक लिया जाता है।

Q. किसी वृत्ताकार पृष्ठ जिसकी त्रिज्या 2cm है इसे Y-Z तल में समविद्युत क्षेत्र $\vec{E} = (2\hat{i} - 4\hat{j}) \times 10^{2}\ N/C$ में रखा जाता है तो इससे निर्गत फ्लक्स की गणना करो?

$$\vec{E} = (2\hat{i} - 4\hat{j}) \times 10^{-2}\ N/C$$

$$ds = \pi r^2$$

$$d\vec{S} = \pi (2\times10^{-2})^2 \hat{i}$$

$$\phi_E = \vec{E}\cdot d\vec{S}$$

$$\phi_E = (2\hat{i} - 4\hat{j})\times10^{2} \cdot (\pi\times4\times10^{-4}\hat{i})$$

$$\phi_E = 2\pi\times4\times10^{-4}\times10^{2}$$

$$\boxed{\phi_E = 8\pi\times10^{-2}\ \frac{N}{C}\times m^2}$$

Q. किसी वर्गाकार पृष्ठ जिसकी भुजा 5cm है इसे 200 N/C के समविद्युत क्षेत्र में वि॰ क्षेत्र से 30° के कोण पर रखा जाता है तो इससे निर्गत फ्लक्स की गणना करो?

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini
(sbistudy.com)

Date
Page

Ans $E = 200\, N/C$

$ds = (\text{भुजा})^2 = (5\times10^{-2})^2$

$ds = 25\times10^{-4}\, m^2$

$\theta = 90^\circ - 30^\circ = 60^\circ$

$\phi_E = \vec{E}\cdot\vec{ds}$

$\phi_E = E\,ds\cos\theta$

$\phi_E = 200\times25\times10^{-4}\times\frac{1}{2}$

$\boxed{\phi_E = 25\times10^{-2}\ \frac{N}{C}m^2}$

* सतत् आवेश वितरण –
जब किसी क्वाण्टीकृत आवेश को अत्यल्प दूरी पर रख दिया जाता है। तो इस व्यवस्था को ही सतत् आवेश वितरण कहा जाता है।

* सतत् आवेश वितरण के प्रकार –
आवेश वितरण के आधार पर ये तीन प्रकार का होता है।

1. रेखीय आवेश वितरण
2. पृष्ठीय या क्षैत्रीय आवेश वितरण
3. आयतनी आवेश वितरण

1. रेखीय आवेश वितरण –
जब किसी क्वाण्टीकृत आवेश को सरल रेखा के अनुदिश अत्यल्प दूरी पर रख दिया जाता है। तो इस प्रकार के आवेश वितरण को रेखीय आवेश वितरण कहा जाता है।

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

Date ____
Page ____

* रेखीय आवेश घनत्व –
एकांक लम्बाई में उपस्थित कुल आवेश कि मात्रा को ही रेखीय आवेश घनत्व कहा जाता है। इसका मान –

$$\lambda = \frac{Q}{l}$$

λ की विमा व मात्रक –
विमा

$$\lambda = \frac{[A^1T^1]}{[L^1]}$$

$$\lambda = [M^0L^{-1}T^1A^1]$$

मात्रक $\lambda = C/m$

* रेखीय आवेश वितरण के कारण किसी बिंदु पर परिणामी बल एवं विद्युत क्षेत्र की तीव्रता



माना कोई एक रेखा है जिसपर रेखीय आवेश वितरण किया गया है। तथा इस रेखा को कई छोटे–2 अल्पांशो से मिलकर बना माना जाता है। तथा प्रत्येक अल्पांश की लम्बाई dl तथा आवेश dq है तो इसके O से r दूरी पर स्थित बिंदु P पर विद्युतीय बल का मान –

कूलाम के नियम से :-

$$\because F = \frac{Kq_1q_2}{r^2} \text{ से –}$$

$$d\vec{F} = \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{q_0 dq}{r^2} \cdot \hat{r} \quad \text{—(1)}$$

रेखीय आवेश घनत्व की परिभाषा से –

$$\lambda = \frac{Q}{l} \text{ से}$$

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini
(sbistudy.com)

अल्पांश के लिए -

$$\lambda = \frac{dq}{dl}$$

$$dq = \lambda dl \quad \text{—— (2)}$$

समी॰ (1) से :-

$$d\vec{F} = \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{q_0 \lambda dl}{r^2} \cdot \hat{r}$$

अतः परिणामी बल -

$$\int d\vec{F} = \int \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{q_0 \lambda dl}{r^2} \cdot \hat{r}$$

$$\boxed{\vec{F} = \frac{q_0 \lambda}{4\pi\epsilon_0} \int \frac{dl}{r^2} \cdot \hat{r}} \quad \text{—— (3)}$$

विद्युत क्षेत्र की तीव्रता की परिभाषा से -

$$\vec{E} = \frac{\vec{F}}{q_0} \text{ से}$$

समी॰ (3) से -

$$\vec{E} = \frac{1}{q_0} \times \frac{q_0 \lambda}{4\pi\epsilon_0} \int \frac{dl}{r^2} \cdot \hat{r}$$

$$\boxed{\vec{E} = \frac{\lambda}{4\pi\epsilon_0} \int \frac{dl}{r^2} \cdot \hat{r}} \quad \text{—— (4)}$$

Q.1 कोई आयताकार पृष्ठ जिसका क्षेत्रफल $10 cm^2$ है इसे 100 N/C के समविद्युत क्षेत्र में अभिलम्ब से 60° के कोण पर रख दिया जाता है। तो निर्गत फ्लक्स की गणना करो?

Q.2 

प्रदर्शित चित्र में वृत्ताकार सतह से निर्गत फ्लक्स की गणना करो?

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)



1. $ds = 10cm^2 = 10 \times 10^{-4} m^2$

$E = 100 N/C$

$\theta = 60°$

Solu. $\phi_E = E\,ds\cos\theta$

$\phi_E = 100 \times \cancel{10}^{5} \times 10^{-4} \times \frac{1}{\cancel{2}}$

$$\boxed{\phi_E = 5 \times 10^{-2} \frac{N}{C} \times m^2}$$

Q.2



$\phi_{tot} = \phi_{cs} + \phi_{ps}$ —— ①

$\because \phi_{tot} = 0$

$0 = \phi_{cs} + \phi_{ps}$

चित्र से $\because \phi_E = \int \vec{E} \cdot \vec{ds}$

$\phi_{ps} = \int \vec{E} \cdot \vec{ds}$

$\phi_{ps} = \int E\,ds\cos\theta$

$\because \theta = 0°$

$\cos\theta° = 1$

$\phi_{ps} = E \int ds$

$\because ds = \pi r^2$

$\phi_{ps} = E \times \pi r^2$

समी. ① से

$0 = \phi_{cs} + E\pi r^2$

$$\boxed{\phi_{cs} = -E\pi r^2}$$

पृष्ठीय आवेश वितरण –

जब किसी क्वान्टीकृत आवेश को किसी पृष्ठ या क्षेत्रफल के अनुदिश अत्यल्प दूरी पर रख दिया जाता है तो इस प्रकार के आवेश वितरण को पृष्ठीय आवेश वितरण कहा जाता है।

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

Date
Page

* पृष्ठीय आवेश घनत्व –

एकांक क्षेत्रफल में उपस्थित कुल आवेश की मात्रा को ही पृष्ठीय आवेश घनत्व कहा जाता है इसका मान –

$$\sigma = \frac{Q}{A}$$

σ की विमा व मात्रक

$$\sigma = \frac{Q}{A}$$

$$\sigma = \frac{[A^1T^1]}{[L^2]}$$

$$\sigma = [M^0L^{-2}T^1A^1]$$

मात्रक $\sigma = C/m^2$

* पृष्ठीय आवेश वितरण के कारण किसी बिंदु पर परिणामी बल एवं विद्युत क्षेत्र की तीव्रता –



माना कोई वर्गाकार पृष्ठ है जो कई छोटे-छोटे अल्पांशों से मिलकर बना है। तथा प्रत्येक अल्पांश पर उपस्थित आवेश dq तथा क्षेत्रफल dA है तो इसके केन्द्र से r दूरी पर स्थित बिंदु P पर परिणामी बल एवं विद्युत क्षेत्र की तीव्रता का मान ज्ञात करना है।

कुलाम् बल कि परिभाषा से –

$$\therefore F = \frac{Kq_1q_2}{r^2}$$

अल्पांश के कारण –

$$d\vec{F} = \frac{1}{4\pi\varepsilon_0} \cdot \frac{q_0\,dq}{r^2} \cdot \hat{r} \quad \text{---} (1)$$

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

पृष्ठीय आवेश घनत्व की परिभाषा से—

$\sigma = \frac{q}{A}$ से

अल्पांश के लिए—

$$\sigma = \frac{dq}{dA}$$

$$dq = \sigma . dA \quad \text{--- (2)}$$

समी॰ (1) से

$$d\vec{F} = \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{q_0 \sigma\, dA}{r^2} \cdot \hat{r}$$

अतः कुल परिणामी बल—

$$\int d\vec{F} = \int \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{q_0 \sigma\, dA}{r^2} \cdot \hat{r}$$

$$\boxed{\vec{F} = \frac{q_0 \sigma}{4\pi\epsilon_0} \int \frac{dA}{r^2} \cdot \hat{r}} \quad \text{--- (3)}$$

विद्युत क्षेत्र की तीव्रता की परिभाषा से—

$$\vec{E} = \frac{\vec{F}}{q_0}$$

समी॰ (3) से

$$\vec{E} = \frac{1}{\cancel{q_0}} \times \frac{\cancel{q_0} \sigma}{4\pi\epsilon_0} \int \frac{dA}{r^2} \cdot \hat{r}$$

$$\boxed{\vec{E} = \frac{\sigma}{4\pi\epsilon_0} \int \frac{dA}{r^2} \cdot \hat{r}} \quad \text{--- (4)}$$

3. आयतनी आवेश वितरण—

जब किसी क्वाण्टीकृत आवेश को किसी आयतन के अनुदिश अत्यल्प दूरी पर रख दिया जाता है। तो इस प्रकार के आवेश वितरण को आयतनी आवेश वितरण कहा जाता है।

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini
(sbistudy.com)

Date ____
Page ____

* आयतनी आवेश धनत्व –

एकांक आयतन में उपस्थित कुल आवेश कि मात्रा को ही आयतनी आवेश धनत्व कहा जाता है। इसका मान –

$$\rho = \frac{q}{V}$$

ρ की विमा व मात्रक –

विमा –
$$\rho = \frac{[A^1T^1]}{[L^3]}$$
$$\rho = [M^0L^{-3}T^1A^1]$$

मात्रक = c/m^3

* आयतनी आवेश वितरण के कारण किसी बिंदु पर परिणामी बल एवं वि.क्षेत्र की तीव्रता –



माना एक वृत्ताकार पृष्ठ है, जो कई छोटे-छोटे अल्पांशों से मिलकर बना है। तथा प्रत्येक अल्पांश पर उपस्थित आवेश dq व आयतन dv है तो इसके केन्द्र O से r दूरी पर स्थित बिंदु P पर परिणामी बल एवं विद्युत क्षेत्र कि तीव्रता का मान ज्ञात करना है। –

कूलाम बल की परिभाषा से

$$\because F = \frac{kq_1q_2}{r^2} \text{ से}$$

अल्पांश के कारण –
$$d\vec{F} = \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{q_0 dq}{r^2} \hat{r} \quad \text{—(1)}$$

आयतनी आवेश धनत्व की परिभाषा से –

$$\rho = \frac{q}{V} \text{ से}$$

अल्पांश के लिए –
$$\rho = \frac{dq}{dv}$$

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

$dq = \rho \cdot dv$ —— (2)

समी॰ (1) से :-

$$d\vec{F} = \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{q_0 \rho dv}{r^2} \cdot \hat{r}$$

अतः कुल परिणामी बल

$$\int d\vec{F} = \int \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{q_0 \rho dv}{r^2} \cdot \hat{r}$$

$$\boxed{\vec{F} = \frac{q_0 \rho}{4\pi\epsilon_0} \int \frac{dv}{r^2} \cdot \hat{r}}$$ —— (3)

वि॰ क्षेत्र की तीव्रता की परिभाषा से –

$$\vec{E} = \frac{\vec{F}}{q_0}$$

समी॰ (3) से

$$\vec{E} = \frac{1}{q_0} \times \frac{q_0 \rho}{4\pi\epsilon_0} \int \frac{dv}{r^2} \cdot \hat{r}$$

$$\boxed{\vec{E} = \frac{\rho}{4\pi\epsilon_0} \cdot \int \frac{dv}{r^2} \cdot \hat{r}}$$ —— (4)

Q.1. $\vec{E} = 200\hat{i} + 300\hat{j}$ V/m

$\vec{S} = 5 \times 10^{-3} \hat{j}$ m^2

Solu. $\phi_E = \vec{E} \cdot \vec{S}$

$\phi_E = (200\hat{i} + 300\hat{j}) \cdot (5 \times 10^{-3} \hat{j})$

$\phi_E = 1500 \times 10^{-3}$

$\phi_E = 1.5$ $N/C \times m^2$ or $V m^{-1}$

प्र.2.



अतः बेलनाकार पृष्ठ से निर्गत कुल फ्लक्स।

$\phi_E = \phi_1 + \phi_2 + \phi_3$

$\phi_E = \int_1 \vec{E} \cdot d\vec{s} + \int_2 \vec{E} \cdot d\vec{s} + \int_3 \vec{E} \cdot d\vec{s}$

$\phi_E = \int_1 E ds \cos\theta + \int_2 E ds \cos\theta + \int_3 E ds \cos\theta$ —— (1)

चित्र से प्रथम पृष्ठ के लिए -

$\theta = 180$

$\cos 180° = -1$

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

Date ______
Page ______

द्वितीय पृष्ठ के लिए

$\theta = 90^\circ$

$\cos 90^\circ = 0$

तृतीय पृष्ठ के लिए

$\theta = 0^\circ$

$\cos 0^\circ = 1$

समी० ① से

$$\phi_E = -\int_1 E \cdot ds + 0 + \int_3 E \cdot ds$$

$$\phi_E = 0 \frac{N}{C} \times m^2$$

2.3. $r = 5cm$, $E = 5\times10^5 V/m$

$\theta = 90 - 30 = 60^\circ$

Solu. $ds = \pi r^2$

$ds = \pi(5\times10^{-2})^2$

$ds = 25\pi \times 10^{-4} m^2$

$\because \phi_E = E ds \cos\theta$ से

$\phi_E = 5\times10^5 \times 25\pi\times10^{-4} \times \frac{1}{2}$

$$\boxed{\phi_E = 625\pi \frac{N}{C}\times m^2}$$

2.4.



$\because E = \frac{kQ}{r^2}$ से

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

अल्पांश $-AB$ के कारण वि॰क्षेत्र -

$$d\vec{E} = \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{dq}{(R^2+x^2)} \quad \text{—} (1) \; (AB \text{ से } P)$$

इसी प्रकार अल्पांश $-A'B'$ के कारण वि॰ क्षेत्र

$$dE' = \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{dq}{(R^2+x^2)} \quad \text{—} (2) \; (A'B' \text{ से } P)$$

समी॰ (1) व (2) से

$$|d\vec{E}| = |d\vec{E}'|$$

अतः परिणामी वि॰ क्षेत्र

$$E = \int dE \cos\theta$$

समी॰ (1) से

$$E = \int \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{dq}{(R^2+x^2)} \cdot \cos\theta$$

चित्र से

$$\cos\theta = \frac{A}{K} = \frac{x}{(R^2+x^2)^{\frac{1}{2}}}$$

$$E = \int \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{dq}{(R^2+x^2)} \cdot \frac{x}{(R^2+x^2)^{\frac{1}{2}}}$$

$$E = \int \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{x\,dq}{(R^2+x^2)^{\frac{3}{2}}}$$

$$E = \frac{x}{4\pi\epsilon_0} \int \frac{dq}{(R^2+x^2)^{\frac{3}{2}}} \quad \text{—} (3)$$

रेखीय आवेश घनत्व से —

$$\lambda = \frac{dq}{dl}$$

$$dq = \lambda \cdot dl$$

समी॰ (3) से

$$E = \frac{x}{4\pi\epsilon_0} \cdot \int \frac{\lambda\,dl}{(R^2+x^2)^{\frac{3}{2}}}$$

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

Date ______ Page ______

$$E = \frac{x\lambda}{4\pi\epsilon_0 (R^2+x^2)^{\frac{3}{2}}} \int dl$$

$\because dl = 2\pi R$

$\because \frac{1}{4\pi\epsilon_0} = K$

$$E = \frac{Kx\lambda}{(R^2+x^2)^{\frac{3}{2}}} \times 2\pi R \quad \text{——— (4)}$$

$\because \lambda = \frac{q}{l}$ से

$$\lambda = \frac{q}{2\pi R}$$

समी (4) से

$$E = \frac{Kx}{(R^2+x^2)^{\frac{3}{2}}} \times \frac{q}{\cancel{2\pi R}} \times \cancel{2\pi R}$$

$$\boxed{E = \frac{Kqx}{(R^2+x^2)^{\frac{3}{2}}}}$$

यदि $x >> R$ हो तो —

$$E = \frac{Kq\cancel{x}}{x^{\cancel{3}}}$$

$$\boxed{E = \frac{Kq}{x^2}}$$

* गाउस का नियम —

इस नियम के अनुसार किसी बंद काल्पनिक पृष्ठ (गाउसीय पृष्ठ) से निर्गत कुल फ्लक्स का मान इस पृष्ठ में परिबद्ध आवेशों के बीजगणितीय योगफल तथा विद्युतशीलता के अनुपात के बराबर होता है। अर्थात —

$\cdot q$

$$\phi = \frac{\Sigma q}{\epsilon} \quad \text{——— (1)}$$

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

निर्वात में

$$\boxed{\phi = \frac{\Sigma q}{\epsilon_0}} \quad \text{—— (2)}$$

समी० ② को 4π से गुणा करने पर

$$\phi = \frac{\Sigma q}{\epsilon_0} \times \frac{4\pi}{4\pi}$$

$$\phi = \frac{4\pi \Sigma q}{4\pi \epsilon_0}$$

$$\because \frac{1}{4\pi\epsilon_0} = K$$

$$\boxed{\phi = 4\pi K \Sigma q}$$

Q1. यदि किसी आवेश Q को
i) r त्रिज्या की वलय
ii) r त्रिज्या के चालक गोले पर
iii) r त्रिज्या के अचालक गोले पर वितरित कर दिया जाए तो प्रत्येक स्थिती में आवेश घनत्व की गणना करो?

Q2. यदि जल की 64 छोटी बुंदो को मिलाकर एक बड़ी बुंद का निर्माण किया गया है तो बड़ी तथा छोटी बुंद पर आवेश घनत्व का अनुपात ज्ञात करो जबकि प्रत्येक छोटी बुंद पर आवेश q व त्रिज्या r है।

1.
i)


$\lambda = \frac{Q}{l}$ से

$$\lambda = \frac{Q}{2\pi r}$$

iii)


$$\rho = \frac{Q}{V}$$

$$\rho = \frac{Q}{\frac{4}{3}\pi r^3}$$

ii)


$\sigma = \frac{Q}{A}$ से

$$\sigma = \frac{Q}{4\pi r^2}$$

Date

Page

2. 1 बड़ी बुंद का आयतन = 64 छोटी बुंदों के आयतन

$$1 \times \frac{4}{3} \times \pi R^3 = 64 \times \frac{4}{3} \pi r^3$$

$$R^3 = 64 r^3$$

$$R = 4r \quad \text{---} (1)$$

आवेश संरक्षण के नियम से -

$$Q = 64q \quad \text{---} (2)$$

अतः बड़ी बुंद पर आवेश घनत्व -

$$\sigma_{बड़ी} = \frac{Q}{A} \text{ से}$$

$$\sigma_{बड़ी} = \frac{Q}{4\pi R^2} = \frac{64q}{4\pi (4r)^2}$$

$$\sigma_{बड़ी} = \frac{64q}{4\pi \times 16 r^2} \quad \text{---} (3)$$

अतः छोटी बुंद पर आवेश घनत्व

$$\sigma_{छोटी} = \frac{q}{4\pi r^2} \quad \text{---} (4)$$

$$\frac{\sigma_{बड़ी}}{\sigma_{छोटी}} = \frac{\cancel{64}^{4}\cancel{q}}{\cancel{4\pi} \times \cancel{16} \cancel{r^2}} \times \frac{\cancel{4\pi r^2}}{\cancel{q}}$$

$$\boxed{\frac{\sigma_{बड़ी}}{\sigma_{छोटी}} = \frac{4}{1}}$$

* गाउस के नियम कि विशेषताए-

1. इस नियम के अनुसार किसी पृष्ठ से निर्गत कुल फ्लक्स का मान आवेश वितरण पर निर्भर नही करता केवल परिबद्ध आवेश के परिणाम पर ही निर्भर करता है।

→ गाउस का नियम बंद पृष्ठ पर लागु होता है।

2. इस नियम के अनुसार निर्गत् कुल फ्लक्स का मान पृष्ठ की आकृति, आकार तथा क्षेत्रफल पर भी निर्भर नही करता हैं।

3. यदि किसी पृष्ठ में परिबद्ध आवेश का मान शून्य हैं तो इस पृष्ठ को किसी भी सम विद्युत क्षैत्र या असम विद्युत क्षैत्र में रखने पर भी निर्गत् फ्लक्स का मान शून्य प्राप्त होता हैं।

4. इस नियम के अनुसार निर्गत फ्लक्स का मान पृष्ठ के भीतर उपस्थित आवेशो पर ही निर्भर करता हैं। बाहर उपस्थित आवेशो पर नही।

5. ये नियम उन सभी क्षैत्रो के लिए लागु होता हैं। जो व्युत्क्रम वर्ग नियम का पालन करते हैं।

6. ये नियम स्थिर तथा गतिशील दोनो प्रकार के आवेशो के लिए लागु किया जा सकता हैं।

7. इस नियम के अनुसार निर्गत फ्लक्स का मान निम्न दो कारको पर निर्भर करता हैं।
   i) पृष्ठ में परिबद्ध आवेश के परिमाण पर
   ii) माध्यम की प्रकृति पर

* गाउसीय पृष्ठ –

किसी बिंदु पर विद्युत क्षैत्र की तीव्रता का मान ज्ञात करने के लिए एक बंद पृष्ठ कि कल्पना करनी पड़ती हैं। इस बंद पृष्ठ को ही गाउसीय पृष्ठ कहा जाता हैं।

* गाउसीय पृष्ठ के चयन में रखी जाने वाली सावधानीयाँ –

1. इस पृष्ठ के भीतर समविद्युत क्षैत्र होना चाहिए।
2. गाउसीय पृष्ठ सममित आकृति का होना चाहिए।
3. गाउसीय पृष्ठ में वि. क्षैत्र पृष्ठ के समान्तर अथवा लम्बवत होना चाहिए।

Q. 

प्रदर्शित चित्र में पृष्ठ S_1 व S_2 से निर्गत फ्लक्स का मान ज्ञात करो?

S_1 से निर्गत फ्लक्स

$$\phi = \frac{\Sigma q}{\varepsilon_0} \text{ से}$$

$$\boxed{\phi = \frac{3q}{\varepsilon_0}} \text{ Ans}$$

S_2 से निर्गत फ्लक्स

$$\phi = \frac{-3+3+5q}{\varepsilon_0} = \boxed{\frac{5q}{\varepsilon_0}} \text{ Ans}$$

Q. यदि किसी पृष्ठ से निर्गत फ्लक्स का मान $5\times10^{-3}\frac{N}{C}\times m^2$ है तथा प्रवेशित फ्लक्स का मान $3\times10^{-3}\frac{N}{C}\times m^2$ है तो पृष्ठ में परिबद्ध आवेश का मान ज्ञात करो?

निर्गत $= +5\times10^{-3}\frac{N}{C}\times m^2$

आगत $= -3\times10^{-3}\frac{N}{C}m^2$

$$\phi = 2\times10^{-3}$$

$$\because \phi = \frac{q}{\varepsilon_0}$$

$$q = \phi\varepsilon_0$$

$$q = 2\times10^{-3}\times8.854\times10^{-12}$$

$$q =$$

* गाउस के नियम का अनुप्रयोग –

1. अनन्त लम्बाई के सीधे चालक तार के कारण किसी बिंदु पर वि॰ क्षेत्र की गणना –



Eq. 5, 6, 7, 8, 9.

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

माना कोई अनन्त लम्बाई का एक सीधा धारावाही चालक तार है जिसपर आवेश q एक समानरूप से वितरित है। तथा इससे बिंदु O से r दूरी पर एक बिंदु P स्थित है जिसपर वि॰ क्षेत्र की तीव्रता का मान ज्ञात करना है। इसके लिए इस धारावाही चालक तार को कई छोटे-2 अल्पांशों से मिलकर बना माना जाता है माना इन इनमें से कोई दो अल्पांश A व B हैं। तो

अल्पांश A के कारण P पर वि॰ क्षेत्र -

$$d\vec{E_A} = \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{dq}{(\sqrt{r^2+a^2})^2}$$

$$= \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{dq}{(r^2+a^2)} \longrightarrow (1) \quad (A \text{ से } P)$$

अल्पांश B के कारण P पर वि॰ क्षेत्र -

$$d\vec{E_B} = \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{dq}{(r^2+a^2)} \longrightarrow (2) \quad (B \text{ से } P)$$

समी॰ (1) व (2) से -

$$|d\vec{E_A}| = |d\vec{E_B}|$$

अतः इससे स्पष्ट होता है। वि॰ क्षेत्र के ऊर्ध्वाधर घटक परिमाण में समान लेकिन दिशा में विपरित होने के कारण एक-दुसरे के प्रभाव को निरस्त कर देते हैं। इस कारण परिणामी वि॰ क्षेत्र केवल क्षैतिज घटको के कारण ही प्राप्त होता है।

इस स्थिती में परिणामी वि॰ क्षेत्र का मान ज्ञात करने के लिए हम एक बंद गाउसीय पृष्ठ की कल्पना करते हैं। जिसमें रेखीय आवेश वितरण के कारण q आवेश समान

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

रूप में वितरित हैं तो रेखीय आवेश घनत्व कि परिभाषा से—



$$\lambda = \frac{Q}{l}$$

$$Q = \lambda l \quad \text{---} (1)$$

अतः बेलनाकार पृष्ठ से निर्गत फ्लक्स।

$$\phi = \int_1 \vec{E}\cdot\vec{ds} + \int_2 \vec{E}\cdot\vec{ds} + \int_3 \vec{E}\cdot\vec{ds}$$

$$\phi = \int_1 E\,ds\cos\theta + \int_2 E\,ds\cos\theta + \int_3 E\,ds\cos\theta \quad \text{---} (2)$$

अतः

प्रथम पृष्ठ के लिए	द्वितीय पृष्ठ के लिए	तृतीय पृष्ठ के लिए
$\theta = 90°$	$\theta = 0°$	$\theta = 90°$
$\cos 90° = 0$	$\cos 0° = 1$	$\cos 90° = 0$

$$\phi = 0 + \int_2 E\,ds + 0$$

$$\phi = \int_2 E\,ds$$

$$\phi = E\int_2 ds \quad \because \int_2 ds = 2\pi r l$$

$$\phi = E \times 2\pi r l \quad \text{---} (3)$$

अतः गाउस के नियम से निर्गत फ्लक्स—

$$\phi = \frac{\epsilon q}{\epsilon_0}$$

से

$$\phi = \frac{Q}{\epsilon_0}$$

समी॰ (1) से .

$$\phi = \frac{\lambda l}{\epsilon_0} \quad \text{---} (4)$$

समी (3) ÷ (4) से

$$E \times 2\pi r l = \frac{\lambda l}{\epsilon_0}$$

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

$$E = \frac{\lambda}{2\pi r \epsilon_0} \quad \text{—(5)}$$

$$E = \frac{\lambda}{2\pi\epsilon_0 r} \times \frac{2}{2}$$

$$E = \frac{2\lambda}{4\pi\epsilon_0 r}$$

$$\because \frac{1}{4\pi\epsilon_0} = k$$

$$\boxed{E = \frac{2k\lambda}{r}}$$

or

$$\boxed{\vec{E} = \frac{2k\lambda}{r}\hat{r}}$$

अनन्त लम्बाई के तथा सीधे धारावाही चालक तार के E तथा r के मध्य ग्राफ –



Q.5.



Solu. कक्षा की अक्ष पर स्थित बिंदु के लिए वि. क्षेत्र –

$$E = \frac{kqx}{(R^2+x^2)^{\frac{3}{2}}}$$

$$\because x = R\sqrt{3}$$

$$E = \frac{kq \times R\sqrt{3}}{(R^2+3R^2)^{\frac{3}{2}}}$$

$$E = \frac{\sqrt{3}\,kqR}{(4R^2)^{\frac{3}{2}}}$$

$$E = \frac{\sqrt{3}\,kqR}{(2R)^{2\times\frac{3}{2}}}$$

$$E = \frac{\sqrt{3}\,kqR}{8R^3}$$

$$E = \frac{\sqrt{3}\,kq}{8R^2}$$

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

$\because F = qE$ से

$$F = q \times \frac{\sqrt{3}\,kq}{8R^2}$$

$$\boxed{F = \frac{\sqrt{3}\,kq^2}{8R^2}}$$ Ans

2.6. $r = 0.03$ m

$Q = 7.6\,\mu C = 7.6 \times 10^{-6}$ C

$\phi = ?$

Solu. $\phi = \frac{\Sigma q}{\varepsilon_0}$

$$\phi = \frac{Q}{\varepsilon_0} = \frac{7.6 \times 10^{-6}}{8.854 \times 10^{-12}}$$

$$\phi = 0.858 \times 10^{6}$$

$$\boxed{\phi = 8.6 \times 10^{5}\ Nm^2C^{-2}}$$

2.7.

Solu. $q' = \frac{q}{2}$

$\phi = \frac{\Sigma q}{\varepsilon_0}$ से

$$\boxed{\phi = \frac{q}{2\varepsilon_0}}$$

2.9.



चित्र (अ) के लिए :

$$\phi_{tot} = \phi_{cs} + \phi_{ps}$$

$$\because \phi_{tot} = 0$$

$$\phi_{cs} + \phi_{ps} = 0$$

$$\phi_{cs} + \vec{E}\cdot\vec{ds} = 0$$

$$\phi_{cs} + E\,ds\cos\theta = 0$$

$\because \theta = 90°$ (चित्र से)

$$\phi_{cs} + E\cdot ds\cos 90° = 0$$

$$\phi_{cs} + 0 = 0$$

$$\boxed{\phi_{cs} = 0}$$

चित्र (a) के लिए -

$\phi_{tot} = \phi_{cs} + \phi_{ps}$

$\phi_{tot} = 0$

$\phi_{cs} + \vec{E} \cdot ds = 0$

$\phi_{cs} + \vec{E} \cdot \pi r^2 = 0$

$\phi_{cs} + E \pi r^2 \cos\theta = 0$

$\cos 180° = -1$

$\phi_{cs} - E \pi r^2 = 0$

$\phi_{cs} = E \pi r^2$

2.8.



$\vec{E} = E_0 x \hat{i}$

$a = 1\,cm,\ E_0 = 2.5 \times 10^5 \frac{N}{C \times m}$

$\phi = ?,\ q = ?$

Solu. फलक BCDE व OAFG x-y अक्ष के अनुदिश है तथा फलक DEFG व OABC- z-अक्ष के अनुदिश है तथा $\vec{E}$ z व y के अनुदिश शून्य है। अतः इन फलकों से निर्गत फ्लक्स शून्य होगा। अतः कुल निर्गत फ्लक्स-

फलक OCDG से निर्गत फ्लक्स-

$\phi_1 = \vec{E} \cdot d\vec{s}$

$\phi_1 = E ds \cos\theta$

चित्र से

$\theta = 180°$

$\cos 180 = -1$

$\phi_1 = -E ds$

$\phi_1 = E_0 x \cdot ds$

$\phi_1 = E_0 x \cdot a^2$

$\because x = 0$

$\phi_1 = 0$ —— (1)

इसी प्रकार फलक ABEF से निर्गत फ्लक्स -

$\phi_2 = E ds \cos\theta$

चित्र से $\theta = 0$

$\cos 0 = 1$

$\phi_2 = E ds$

$\phi_2 = E_0 x \cdot a^2$

$\because x = a$

$\phi_2 = E_0 a^3$

$\phi_2 = 2.5 \times 10^5 \times (1 \times 10^{-2})^3$

$\phi_2 = 2.5 \times 10^5 \times 10^{-6}$

$\phi_2 = 0.25 \frac{N}{C} \times m^2$

अतः कुल निर्गत फ्लक्स

$\phi = \phi_1 + \phi_2$

$\phi = 2.5 \frac{N}{C} \times m^2$

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini
(sbistudy.com)

Date
Page

आवेश

$\phi = \frac{\Sigma q}{\epsilon_0}$ से

$\Sigma q = \phi \epsilon_0$

* कुलाम् के नियम से गाउस के नियम कि व्युत्पत्ति अथवा गाउस के नियम की व्युत्पत्ति –



माना कोई स्वेच्छिक आकार का एक बंद पृष्ठ है जिसमे आवेश का मान q है तथा ये पृष्ठ कई छोटे-2 अल्पांशो से मिलकर बना है। माना इनमे से कोई एक अल्पांश AB है जिसके कारण बिंदु o पर वि० क्षेत्र की तीव्रता –

$\because E = \frac{Kq}{r^2}$ से

$\vec{E} = \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{q}{r^2} \cdot \hat{r}$ —(1)

अतः अल्पांश AB से निर्गत फ्लक्स –

$d\phi = \vec{E} \cdot \vec{ds}$

$d\phi = E ds \cos\theta$

समी. (1) से

$d\phi = \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{q}{r^2} \cdot ds \cos\theta$ —(2)

अतः कुल निर्गत फ्लक्स –

$\phi = \int d\phi = \int \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{q}{r^2} \cdot ds \cos\theta$

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini
(sbistudy.com)

$$\phi = \frac{q}{4\pi\epsilon_0} \int \frac{ds\cos\theta}{r^2} \quad \text{—— (3)}$$

जहाँ पर : $\int \frac{ds\cos\theta}{r^2} = d\Omega$ (ठोस कोण) $= 4\pi$

$$\phi = \frac{q}{\cancel{4\pi}\epsilon_0} \times \cancel{4\pi}$$

$$\boxed{\phi = \frac{q}{\epsilon_0}}$$

* ठोस कोण –

किसी क्षेत्रफल के द्वारा किसी बिंदु के साथ बनाया गया कोण ठोस कोण कहलाता है तथा इसका अधिकतम मान 4π होता है।

* समतल कोण –

किसी चाप के द्वारा किसी बिंदु के साथ बनाया गया कोण ही समतल कोण कहलाता है। इसका भी अधिकतम मान 4π होता है।

Extra ⇒ गाउस के नियम से कुलाम्ब के नियम की व्युत्पत्ति –



माना कोई r त्रिज्या का एक गोलाकार बंद पृष्ठ है। जिसकी सतह कई छोटे-2 अल्पांशों से मिलकर बनी है। इनमें से कोई एक अल्पांश AB है जिसके कारण निर्गत फ्लक्स का मान –

$\because \phi = \vec{E} \cdot \vec{ds}$ से

$d\phi = \vec{E} \cdot \vec{ds}$

$d\phi = E\,ds\cos\theta$

चित्र से $\because \theta = 0°$

$\cos 0° = 1$

$d\phi = E\,ds$

अतः कुल निर्गत फ्लक्स

$\oint d\phi = \oint E \cdot ds$

$\phi = E \oint ds$

$\because \oint ds = 4\pi r^2$

$\phi = E \times 4\pi r^2$ —— (1)

गाउस के नियम से निर्गत फ्लक्स –

$\phi = \frac{\Sigma q}{\epsilon_0}$ से

$\phi = \frac{Q}{\epsilon_0}$ —— (2)

समी. (1) व (2) से

$E \times 4\pi r^2 = \frac{Q}{\epsilon_0}$

$E = \frac{Q}{4\pi\epsilon_0 r^2}$

$\because \frac{1}{4\pi\epsilon_0} = K$

$E = \frac{KQ}{r^2}$ —— (3)

अतः विद्युतीय बल –

$F = qE$ से

$F = q \times \frac{KQ}{r^2}$

$$\boxed{F = \frac{KQq}{r^2}}$$

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

अनुप्रयोग - 2

1. समरूप आवेशित अचालक परत के कारण वि. क्षैत्र की तीव्रता अथवा अपरिमित समतल चादर के कारण वि. क्षैत्र की तीव्रता -



माना कोई एक समरूप आवेशित अचालक परत है जिसके पृष्ठ पर आवेश घनत्व का मान σ है तथा परत के किसी बिंदु O से r दूरी पर एक बिंदु P स्थित है जिस पर वि. क्षैत्र की तीव्रता का मान ज्ञात करना है -

इसके लिए इस अचालक परत को कई छोटे -2 अल्पांशों से मिलकर बना माना जाता है माना इनमें से कोई दो अल्पांश A व B है जिनके कारण बिंदु P पर वि. क्षैत्र की तीव्रता का मान -

अल्पांश A के कारण P पर वि. क्षैत्र की तीव्रता

$$d\vec{E}_A = \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{dq}{(\sqrt{r^2+a^2})^2}$$

$$d\vec{E}_A = \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{dq}{(r^2+a^2)} \quad \text{--- (1)} \quad (A \text{ से } P)$$

इसी प्रकार अल्पांश B के कारण P पर वि. क्षै. -

$$d\vec{E}_B = \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{dq}{(r^2+a^2)} \quad \text{--- (2)} \quad (B \text{ से } P)$$

समी. (1) से (2) से

$$|d\vec{E}_A| = |d\vec{E}_B|$$

अतः इससे स्पष्ट होता है कि वि. क्षैत्र के उर्ध्वाधर घटक परिमाण में समान व दिशा में विपरित होते हैं इस कारण एक - दुसरे के प्रभाव को निरस्त कर देते हैं तथा परिणामी वि. क्षैत्र का मान केवल क्षैतिज घटकों के कारण

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

ही प्राप्त होता है।
अतः परिणामी वि. क्षेत्र का मान ज्ञात करने के लिए हम एक बेलनाकार गाउसीय पृष्ठ की कल्पना करते हैं जिसके पृष्ठ पर आवेश समान रूप से वितरित है तो पृष्ठीय आवेश घनत्व कि परिभाषा से:-

$$\sigma = \frac{Q}{A}$$

$$Q = \sigma A \quad \text{---} (3)$$



विद्युत फ्लक्स की परिभाषा से

$$\phi = \oint \vec{E} \cdot \vec{ds}$$

$$\phi = \oint E \, ds \cos\theta$$

अतः कुल बेलनाकार पृष्ठ से निर्गत फ्लक्स -

$$\phi = \int_1 E ds \cos\theta + \int_2 E ds \cos\theta + \int_3 E ds \cos\theta \quad \text{---} (4)$$

चित्र से:

प्रथम पृष्ठ के लिए	द्वितीय पृष्ठ के लिए	तृतीय पृष्ठ के लिए
$\theta = 0°$	$\theta = 90°$	$\theta = 0°$
$\cos 0° = 1$	$\cos 90° = 0$	$\cos 0° = 1$

समी (4) से

$$\phi = \int_1 E ds + 0 + \int_3 E ds$$

$$\phi = E\int_1 ds + E\int_3 ds$$

$$\because \int_1 ds = \int_3 ds = A$$

$$\phi = EA + EA$$

$$\phi = 2EA \quad \text{---} (5)$$

गाउस के नियम से निर्गत फ्लक्स -

$$\phi = \frac{\Sigma q}{\epsilon_0}$$

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

$$\phi = \frac{Q}{\epsilon_0}$$

समी॰ ③ से

$$\phi = \frac{\sigma A}{\epsilon_0} \quad \text{—— ⑥}$$

समी॰ ⑤ व ⑥ से

$$2E\cancel{A} = \frac{\sigma \cancel{A}}{\cancel{\epsilon_0}}$$

$$\boxed{E = \frac{\sigma}{2\epsilon_0}}$$

सादिश रूप में-

$$\boxed{\vec{E} = \frac{\sigma}{2\epsilon_0}\hat{n}}$$

* अपरिमित लम्बाई कि अचालक परत के लिए E तथा r के मध्य ग्राफ —



अनुप्रयोग 3

3· अपरिमित लम्बाई कि चालक पट्टिका के कारण वि॰ क्षेत्र की गणना —



Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

Date
Page

माना कोई अपरिमित लम्बाई कि एक चालक पट्टिका है। जिसपर आवेश Q इसकी सतह पर एक समान रूप से वितरित है तथा इसके किसी बिंदु O से r दूरी पर एक बिंदु P स्थित है जिसपर वि० क्षैत्र की तीव्रता का मान ज्ञात करना है। तो इसके लिए इस पट्टिका को कई छोटे-2 अल्पांशो से मिलकर बना माना जाता है। माना इनमे से कोई दो अल्पांश A व B है जिनके कारण वि०क्षैत्र का मान -

अल्पांश A के कारण P पर वि० क्षैत्र की तीव्रता -

$$d\vec{E_A} = \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{dq}{(r^2+a^2)} \quad \text{—①} \quad (A \text{ से } P)$$

अल्पांश B के कारण P पर वि० क्षैत्र -

$$d\vec{E_B} = \frac{1}{4\pi\epsilon_0} \cdot \frac{dq}{(r^2+a^2)} \quad \text{—②} \quad (B \text{ से } P)$$

समी० ① व ② से :-

$$|d\vec{E_A}| = |d\vec{E_B}|$$

अतः इससे स्पष्ट होता है कि वि० क्षैत्र के उर्ध्वाधर घटक परिमाण मे समान लेकिन दिशा मे विपरित होते है इस कारण यह एक-दूसरे के प्रभाव को निरस्त कर देते है। इस कारण वि० क्षैत्र का मान केवल क्षैतिज घटको के कारण ही प्राप्त होता है।

अतः परिणामी वि० क्षैत्र का मान ज्ञात करने के लिए हम एक बेलनाकार गाउसीय पृष्ठ की कल्पना करनी पड़ती है। तो पृष्ठीय आवेश घनत्व की परिभाषा से :-



$$\sigma = \frac{Q}{A}$$

$$Q = \sigma A \quad \text{—③}$$

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini
(sbistudy.com)

विद्युत फ्लक्स की परिभाषा से निर्गत फ्लक्स -

$$\phi = \oint \vec{E}\cdot d\vec{s}$$

$$\phi = \oint E\,ds\cos\theta$$

अतः बेलनाकार पृष्ठ से निर्गत फ्लक्स

$$\phi = \int_1 E\,ds\cos\theta + \int_2 E\,ds\cos\theta + \int_3 E\,ds\cos\theta \quad \text{--- (a)}$$

चित्र से

प्रथम पृष्ठ के लिए	द्वितीय पृष्ठ के लिए	तृतीय पृष्ठ के लिए
$E = 0$	$\theta = 90^\circ$	$\theta = 0^\circ$
	$\cos 90^\circ = 0$	$\cos 0^\circ = 1$

समी॰ (a) से

$$\phi = 0 + 0 + \int_3 E\,ds$$

$$\phi = E\int_3 ds \quad \because \int_3 ds = A$$

$$\phi = EA \quad \text{--- (5)}$$

गाउस के नियम से निर्गत फ्लक्स -

$$\phi = \frac{q}{\epsilon_0} \text{ से}$$

$$\phi = \frac{Q}{\epsilon_0}$$

समी॰ (3) से

$$\phi = \frac{\sigma A}{\epsilon_0} \quad \text{--- (6)}$$

समी॰ (5) व (6) से

$$E\cancel{A} = \frac{\sigma \cancel{A}}{\epsilon_0}$$

$$\boxed{E = \frac{\sigma}{\epsilon_0}} \quad \text{or} \quad \boxed{\vec{E} = \frac{\sigma}{\epsilon_0}\cdot\hat{n}}$$

अपरिमित = अनन्त

आंकिक
1,2.

Eg: 10, 11, 12.

* अपरिमित लम्बाई कि चालक पट्टिका के लिए E तथा r के मध्य ग्राफ –



Q.1. अचालक परत तथा चालक पट्टिका के कारण वि० क्षेत्र की तीव्रताओं की तुलना करों?

Q.2. किसी गोलीय चालक कि सतह पर पृष्ठ आवेश घनत्व का मान $0.7 C/m^2$ हैं यदि इसके आवेश में $0.44 C$ की वृद्धि कर दी जाए तो इसके आवेश घनत्व में $0.14 C/m^2$ की वृद्धि हो जाती हैं। तो गोले कि त्रिज्या व प्रारंभिक आवेश का मान ज्ञात करों?

Q.3. किसी चालक गोले कि त्रिज्या 15 cm हैं तो इसे $7 \mu C/m^2$ का आवेश घनत्व देने के लिए कितना आवेश देना पड़ेगा?

Q.4 एक धनात्मक आवेश जिसका मान $17.7 \mu C$ हैं इसे 0.5 m त्रिज्या के खोखले गोले के केन्द्र पर रखा गया हैं तो इससे निकलनें वाले फ्लक्स घनत्व कि गणना करों?

2. $\sigma_1 = 0.7 C/m^2$

वृद्धि करने पर $Q_1 = Q$

$Q_2 = Q + 0.44$

$\sigma_2 = 0.7 + 0.14$

$\sigma_2 = 0.84 C/m^2$

$r = ?$, $Q = ?$

Solu. $\sigma_1 = \frac{Q_1}{4\pi r^2}$

$0.7 = \frac{Q}{4\pi r^2}$ —— (1)

$\sigma_2 = \frac{Q_2}{4\pi r^2}$

$0.84 = \frac{Q + 0.44}{4\pi r^2}$ —— (2)

समी० (1) ÷ (2) से

$\frac{\cancel{0.7}\,5}{\cancel{0.84}\,6} = \frac{Q}{\cancel{4\pi r^2}} \times \frac{\cancel{4\pi r^2}}{Q + 0.44}$

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

$\frac{5}{6} = \frac{Q}{Q+0.44}$

$6Q = 5Q + 2.20$

$6Q - 5Q = 2.20$

$\boxed{Q = 2.20C}$

(8) समी० (1) से

$0.7 = \frac{2.20}{4\pi r^2}$

$r^2 = \frac{2.20^{55}}{0.7 \times 4 \times 3.14}$

$r^2 = \frac{55}{219.8} \Rightarrow r = \sqrt{\frac{55}{219.8}}$

$r =$

Q.3 $r = 15cm = 15 \times 10^{-2} m$

$\sigma = \frac{7}{11} \mu C/m^2$

$\sigma = \frac{7}{11} \times 10^{-6} C/m^2$

$Q = ?$

Solu. $\sigma = \frac{Q}{4\pi r^2}$

$\frac{\cancel{7}}{\cancel{11}} \times 10^{-6} = \frac{Q \times \cancel{7}}{4 \times \cancel{22} \times 225 \times 10^{-4}}$ 2

$10^{-6} = \frac{Q}{8 \times 225 \times 10^{-4}}$

$Q = 8 \times 225 \times 10^{-4} \times 10^{-6}$

$Q = 1800 \times 10^{-10}$

$\boxed{Q = 18 \times 10^{-8} C}$

Q.4. $Q = 17.7 \mu C = 17.7 \times 10^{-6} C$

$r = 0.5 m$

Solu. $\phi = \frac{Q}{\epsilon_0}$

$\phi = \frac{17.7 \times 10^{-6}}{8.854 \times 10^{-12}}$

$\phi = 2 \times 10^{6} \frac{N}{C} \times m^2$

फ्लक्स घनत्व $=$ $\frac{\text{फ्लक्स}}{\text{क्षैत्रफल}}$

$\phi_A = \frac{2 \times 10^6}{4\pi r^2}$

$\phi_A = \frac{\cancel{2} \times 10^6}{\cancel{4} \times 3.14 \times 0.25}$ 2

$\phi_H =$

2.10 $\lambda = 2\mu C/m = 2 \times 10^{-6} C/m$

$r = 20cm = 20 \times 10^{-2} m$

$E = ?$

Solu. $E = \frac{2K\lambda}{r}$

$E = \frac{\cancel{2} \times \cancel{9} \times 10^9 \times \cancel{2} \times 10^{-6}}{\cancel{20} \times 10^{-2}}$ (1.8, 10)

$= 1.8 \times 10^9 \times 10^{-4}$

$\boxed{E = 1.8 \times 10^5}$

Notes - 8696608541 (whatsapp) - om prakash saini (sbistudy.com)

2.11 $r = 0.1\,m,\ \lambda = 10^{-6}\,C/m$

$v = ?\ ,\ m_e = 9.1\times10^{-31}\,kg$

$q_e = 1.6\times10^{-19}\,C$

$K = 9\times10^{9}\ \frac{N\times m^2}{C^2}$



Sol^n. $\frac{mv^2}{r} = q_e E$

$\frac{mv^2}{r} = q_e \times \frac{2K\lambda}{r}$

$v^2 = \frac{q_e \times 2K\lambda}{m}$

$v = \sqrt{\frac{1.6\times10^{-19}\times2\times9\times10^{9}\times10^{-6}}{9.1\times10^{-31}}}$

2.12 $A = 1\,cm^2 = 1\times10^{-4}\,m^2$

$Q = 17.70\times10^{-6}\,C$

$E = ?$

Sol^n $\sigma = \frac{Q}{A}$

$\sigma = \frac{17.70\times10^{-6}}{1\times10^{-4}}$

$\sigma = 17.70\times10^{-2}\,C/m^2$

$\because E = \frac{\sigma}{2\varepsilon_0}$

$E = \frac{\cancel{17.70}\times10^{-12}}{\cancel{2\times8.854}\times10^{-12}}$

$\boxed{E = 10^{10}\ \frac{N}{C}}$

आंकिक Q.1. $\phi_{in} = -400\ \frac{N}{C}\times m^2$

$\phi_{out} = 800\ \frac{N}{C}\times m^2$

$q = ?$

Sol^n. $\phi_{tot} = \phi_{in} + \phi_{out}$

$\phi_{tot} = 400\ \frac{N}{C}\times m^2$

$\because \phi = \frac{\Sigma q}{\varepsilon_0}$ से

$\Sigma q = \phi\varepsilon_0$

$\Sigma q = 400\times8.854\times10^{-12}$

$\boxed{\Sigma q = 35.456\times10^{-10}}$

आंकिक Q.2. $D = 2.4\,m,\ r = \frac{D}{2} = 1.2\,m$

$\sigma = 80\,\mu C/m^2 = 80\times10^{-6}\,C/m^2$

Sol^n. $\sigma = \frac{Q}{A} = \frac{Q}{4\pi r^2}$

$Q = \sigma\times4\pi r^2$

$Q = 80\times10^{-6}\times4\times3.14\times1.44$

$Q = 4.5216\times32\times10^{-5}$

$\boxed{Q = 144.6912\times10^{-5}}$

निर्गत फ्लक्स $\boxed{Q = 1.45\times10^{-3}}$

